प्रेषक,

**महानिदेशक,**
विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड,
ननूरखेड़ा, देहरादून।

सेवा में,

**समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी,**
उत्तराखण्ड।

**पत्रांक:** विविध/ 3827-29 /नि0सं0/10/2024-25, दिनांक 21 अक्टूबर, 2024

विषय: **दयालु नागरिक मानवीय शिक्षा कार्यक्रम के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक सुश्री पुजा महाजन, डायरेक्टर ऑफ एजुकेशन एवं यूथ आउटरीच, पीपुल्स फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (PETA), इंडिया के पत्र दिनांक 10.10.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से अवगत कराया गया है, कि पेटा इंडिया द्वारा 8 से 12 वर्षो के छात्र-छात्राओं में जानवरों के प्रति सम्मान और करूणा की भावना विकसित करने के उद्देश्य से दयालु नागरिक Compassionate Citizen कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिस हेतु संस्था द्वारा दयालु नागरिक किट के साथ ही ऑनलाइन संस्करण भी तैयार किया गया है।

उक्त पत्र के माध्यम से यह भी अवगत कराया गया है, कि दयालु नागरिक किट में शिक्षक गाइड, गतिविधि पत्रक, रंग भरने वाली शीट, दयालुता प्रतिज्ञा, जानवरों की मदद करने के आसान तरीकों को सूचीबद्ध करने के लिए एक प्रविष्टि और अद्‌भुत पशु फुटेज के साथ 23 मिनट का वीडियो शामिल है। इसका उपयोग भाषा, कला, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन, पर्यावरण, मूल्य शिक्षा और पशु अधिकार तथा इको क्लब जैसे विषयों में कक्षा गतिविधियों के हिस्से के रूप में किया जा सकता है।

विद्यालयों हेतु निःशुल्क किट प्राप्त करने एवं विद्यालयों में कार्यशाला के आयोजन हेतु निम्न् से सम्पर्क किया जा सकता है:-

1. **निःशुल्क किट हेतुः** पुजा महाजन, पी.ई.टी.ए., इंडिया, PujaM@petaindia.org।
2. **कार्यशाला के आयोजन हेतुः** श्री मनोज चतुर्वेदी, दयालु नागरिक मानव सेव ट्रस्ट, मो0- 9088118317।

अत: अपने अधीनस्थ समस्त विद्यालयों में पीपुल्स फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (PETA), इंडिया की वैबसाईट से **''स्कूलों में मानवीय शिक्षा (Humane education in Schools)''** अनुभाग से हिन्दी वर्कशीट तथा वीडियो डाउनलोड करा कर संदर्भित कार्यक्रम का आयोजन नियमित रूप से करवाना सुनिश्चित करें।

संलग्नक: यथोपरि।

भवदीया,

**(झरना कमठान)**
महानिदेशक
विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड।

पृ0सं0: विविध/ 3827-29 /नि0सं0/10/2024-25, दिनांक उक्तवत्।

प्रतिलिपि: निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, उत्तराखण्ड।
2. सुश्री पुजा महाजन, डायरेक्टर ऑफ एजुकेशन एवं यूथ आउटरीच, पी.ई.टी.ए., इंडिया

महानिदेशक
विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड।

PEOPLE FOR
THE ETHICAL
TREATMENT
OF ANIMALS
INDIA

PETA India
PO Box 28260
Juhu, Mumbai
Maharashtra 400049
022 40727382

Info@petaindia.org
PETAIndia.com

10 अक्टबर 2024

A D (UG)
18/X/24

शिक्षा निदेशक
उत्तराखंड सचिवालय,
देहरादून – 248 001

**विषय: PETA इंडिया की ओर से मानवीय शिक्षा पर आधारित "दलायु नागरिक" कार्यक्रम की पेशकश।**

आदरणीय शिक्षा निदेशक ,

मैं आपको 'पीपल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (PETA) इंडिया' एवं अपने 2 million से अधिक समर्थकों की ओर से यह पत्र लिख रही हूँ। PETA इंडिया ने 8 से 12 वर्ष के बच्चों हेतु बनाए गए अपने निशुल्क कार्यक्रम 'दयालु नागरिक' को अपडेट करते हुए इसका ऑनलाइन संस्करण तैयार किया है ताकि स्कूली छात्रों एवं अध्यापकों को इसे अपनाने में आसानी हो। मैं आपसे अनुरोध करती हूँ कि आप अपने राज्य के समस्त स्कूलों को एक आदेश जारी कर इस 'दयालु नागरिक' कार्यक्रम को उनके स्कूल के शैक्षिक पाठ्यक्रम मे शामिल करने के निर्देश दें।

'दयालु नागरिक' मानवीय शिक्षा पर आधारित एक पुरुस्कृत कार्यक्रम है जिसे 8 से 12 वर्ष की आयु के बच्चों हेतु तैयार किया गया है। इसके तहत बच्चे जानवरों को बेहतर ढंग से समझने और उनकी उचित देखभाल के तरीकों पर जानकारी प्राप्त करते हैं।अधिकांश बच्चों में स्वाभाविक रूप से जानवरों के प्रति स्नेह एवं प्यार होता है लेकिन समाज को जानवरों के प्रति क्रूरता भरा व्यवहार करते देख वह अपने अंदर मौजूद करुणा को पहचान नहीं पाते हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि अन्य प्रजातियों के लिए सम्मान की कमी इन्सानों के प्रति असंवेदनशीलता और क्रूरता में भी तब्दील हो सकती है। अब समाजशास्त्री, मनोवैज्ञानिक और कानून-प्रवर्तन एजेंसियां भी इस तथ्य को सिद्ध कर चुकी हैं कि बचपन में जानवरों पर की गई हिंसा अक्सर भविष्य में मनुष्यों के प्रति हिंसात्मक प्रवृति धारण कर लेती है जो आगे चलकर अपराध जगत की ओर ले जाती हैं इसलिए छात्रों को एक-दूसरे के साथ और जानवरों के प्रति दया और सहानुभूति जैसे मूल्य सिखाना बहुत जरूरी है.

यह कार्यक्रम भाषा कला, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन, पर्यावरण विज्ञान, नैतिक शिक्षा जैसे सामान्य विषयों के साथ जोड़कर स्कूलों के पाठ्यक्रम में आसानी से शामिल किया जा सकता है। यह स्कूलों में पशु अधिकार क्लबों द्वारा उपयोग के लिए भी सही है। पाठ्यक्रम किट में इसे आसानी से समझने व इस्तेमाल करने हेतु शिक्षकों के लिए चरणबद्ध तरीके से दिशनिर्देश दिये गए हैं, छात्रों हेतु प्रेरक कहानियों व 23 मिनट का रोचक वीडियो भी है तथा वर्कशीट शामिल की गयी जिसके माध्यम से छात्र अनेकों तरह से यह सीख पाते हैं कि इस दुनिया में रहने वाले सभी बड़े और छोटे जानवरों भी हमारी तरह ही हैं। बच्चों के द्वारा तैयार किया गया वीडियो साथी छात्रों को प्रेरित करता है। यह पाठ्य सामग्री फिलहाल अंग्रेजी और हिंदी में उपलब्ध है लेकिन जरूरत के अनुसार इसे अन्य भाषाओं में अनुवादित किया जा सकता है।

Entities:
- PETA US
- PETA Asia
- PETA France
- PETA Australia
- PETA Germany
- PETA Switzerland
- PETA Netherlands
- PETA Foundation (UK)

Registered Office:
F-110, First Floor, Jagdamba Tower
Plot No 13, Community Centre
Preet Vihar, New Delhi
Delhi 110092

CIN: U74899DL2000NPL103217

PEOPLE FOR THE ETHICAL TREATMENT OF ANIMALS INDIA

PETA India
PO Box 28260
Juhu, Mumbai
Maharashtra 400049
022 40727382

Info@petaindia.org
PETAIndia.com

वर्ष 2013 में इस कार्यक्रम के शुरुवाती दौर में ही इसे "भारतीय जीव-जन्तु कल्याण बोर्ड" एवं "केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड" का समर्थन मिल गया था। अब तक इस कार्यक्रम को आंध्र प्रदेश, चंडीगढ़, दिल्ली, गोवा, गुजरात, हरियाणा, केरल, मध्य प्रदेश एवं तेलंगाना राज्य के 2 लाख सरकारी स्कूलों, प्राईवेट स्कूलों, CBSE मान्यताप्राप्त स्कूलों तथा केंद्रीय विद्यालयों में संचालित किया जा चुका है व इसके द्वारा देश भर में 9.3 करोड़ बच्चों को जानवरों के प्रति संवेदनशीलता व सहानुभूति पर शिक्षित किया जा चुका है।

हम आपसे भी अनुरोध करते हैं कि आप अपने राज्य के समस्त स्कूलों को निर्देश जारी कर इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को अपने शैक्षिक सत्र में शामिल करने के निर्देश दें, इस हेतु हम आपका आभार व्यक्त करते हैं। स्कूली अध्यापक इस कार्यक्रम की पाठ्य सामाग्री एवं वीडियो हमारी वेबसाईट www.petaindia.org पर नीचे दाएँ तरफ दिये गए लिंक **"Humane Education in Schools"** से भी डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त PETA इंडिया NGO Dayalu Nagrika Manav Sewa Trust के साथ स्कूली छात्रों एवं अध्यापको हेतु इस कार्यक्रम के workshop आयोजित करने हेतु भी तैयार है।

आपके बहुमूल्य समय के लिए आपका बहुत बहुत धन्यवाद। इस विषय में अधिक जानकारी के लिए आप मुझ से PujaM@petaindia.org पर ई-मेल तथा 9819807382 पर फ़ोन से भी संपर्क कर सकते हैं। किसी भी जानकारी के लिए आप मनोज चतुर्वेदी को 9058118317 पर भी कॉल कर सकते हैं.

सादर,

PMahajan

पुजा महाजन,
डायरेक्टर ऑफ एजुकेशन एंड यूथ आउटरीच

संलग्नक:

- दयालु नागरिक कार्यक्रम किट
- CBSE का वर्ष 2013 का नोटिफिकेशन
- AWBI का पत्र
- KVS की एडवाईजरी
- आंध्र प्रदेश, चंडीगढ़, दिल्ली, गोवा, गुजरात, हरियाणा, केरल, मध्य प्रदेश एवं तेलंगाना राज्य सरकारों की ओर से पत्र